रॉयल बुलेटिन
एक अखबार – सारा संसार

ग्रेटर नोएडा में पकड़ी गई नामी कंपनी के नाम से नकली पाइप बनाने वाली फैक्ट्री, मालिक गिरफ्तार

नोएडा। प्लास्टिक का पाइप बनाने वाली देश की नामी कंपनी के नाम से नकली प्लास्टिक का पाइप बनाने वाली एक फैक्ट्री का थाना सूरजपुर ने भंडाफोड़ करते हुए कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नामी कंपनी के एक अधिकारी की शिकायत पर थाना पुलिस ने छापेमारी कर की है। कंपनी से भारी मात्रा में बने हुए नकली सीपीवीसी पाइप व अन्य सामान बरामद हुआ है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सुप्रीम पाइप व आशीर्वाद पाइप के इन्वेस्टिगेशन फील्ड मैनेजर मनीष जिंदल पुत्र सुरेश जिंदल ने पुलिस को सूचना दी थी कि थाना सूरजपुर क्षेत्र के साइड सी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में उनकी कंपनी के नाम से नकली सीपीवीसी पाइप बनाए जा रहे हैं। इससे कंपनी को आर्थिक नुकसान उठाते हुए ग्राहकों के साथ ही बाजारों में कंपनी का नाम बदनाम हो रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी के मैनेजर की सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम बनाई गई, तथा वहां पर छापेमारी की गई।

Source: https://royalbulletin.in/factory-owner-making-fake-pipes-in-the-name-of-a-renowned-company-caught-in-greater-noida-owner-arrested/269075